# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड



डॉ. मौसमी मीणा
सहायक आचार्य एंव रेंजर लीडर

1. राज्य मुख्यालय पत्र क्रमांक पं./ रा. मु./ 2020–21/ 828 के अनुसार दिनांक 02.07.2021 को गाइडस रैंजर्स की राज्य स्तरीय वर्चुअल वेबीनार का आयोजन 05.07.2021 को किया गया। इस वर्चुअल वेबीनार में महाविघालय की 03 रैंजर्स का चयन किया गया।
2. दिनांक 15.08.2021 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के अर्न्तगत स्काउट गाइड /राष्ट्रीय सेवा योजना/एन सी सी व वाई.डी.सी के संयुक्त तत्वाघान में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी व सभी संकाय सदस्यों को पौघों की सुरक्षा व विकास सुनिश्चित किए जाने की शपथ दिलाई गई।







3. दिनांक 27.09.2021 को राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के रामानुज हॉल में राष्ट्रीय सेवा योजना व राजीव गॉधी स्टडी सर्कल के संयुक्त तत्वाधान में गॉधी दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी रखी गई। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा राजस्थान के राष्टीय सेवा योजना राज्य समन्वयक डॉ. बनय सिंह रहें। इसमें महाविधालय की 05 रैंजर्स उपस्थित रही।

4. दिनांक 02.10.2021 को आजादी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मण्डल मुख्यालय कोटा पर राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी एंव भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंति के अवसर पर प्रात. 7.45 पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एंव दौड का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा एंव दौड में महाविद्यालय की 03 रैंजर्स ने भाग लिया।

5. दिनांक 02.10.2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविधालय के तीनों कॉलेजों में रक्तदान शिविर एंव औषधीय पादप वितरण गॉधी जी के जीवन और दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस शिविर के मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा सहायक निदेशक डॉ. रघुराज परिहार विशिष्ट अतिथि कोटा संभाग के पूर्व सहायक निदेशक डॉ. के. एम. गवेन्द्रा एंव राष्टीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. विवेक मिश्रा रहे। इस शिविर में में सभी रैंजर्स ने भाग लिया।



6. दिनांक 25.11.2021 से 27.11.2021 तक रोंवर /रैंजर प्रशिक्षण अनुशंसा शिविर का आयोजन आलनिया ट्रेनिंग सेंटर पर किया गया। इसमें रैंजर्स से साफ–सफाई, कैम्प फायर, राज्य स्तर टेन्ट निरीक्षण एंव टेन्ट बनाना आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की 03 रैंजर्स ने भाग लिया।

7. दिनांक 29.11.2021 को मण्डल मुख्यालय कोटा पर रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें रंगोली एंव पोस्टर कोरोना से बचाव के उपाय विषय पर बनवाई गई। इस प्रतियोगिता में महाविधालय की 06 रैंजर्स ने भाग लिया।




8. दिनांक 15.12.2021 को मंडल मुख्यालय के आस–पास इलाकों में सावुन, सैनेंटाइजर एंव मास्क का वितरण किया गया।इसमें महाविधालय की 03 रैंजर्स सम्मिलित हुई।



9. दिनांक 26.12.2021 से 30.12.2021 तक राज्य स्तरीय 62 वां रोवर मूट 48 वीं रेंजर मीट शिविर का आयोजन झुन्झुनु में किया गया। इस शिविर में टेलेन्ट शो, लोक नृत्य एंव लोकगीत,फैशन शो, सामान्य ज्ञान एंव मॉप आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की 01 रैंजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।




10. दिनांक 01.02.2022 को देश की आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस वर्चुअल मीटिंग में सभी रैंजर्स सम्मिलित हुई।
11. दिनांक 11.02.2022 को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड को में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में डॉ. एस. एन. सुब्बाराव के 94 वें जन्म दिवस के अवसर पर अवसर पर स्काउट गाइड रोवर रैंजर की ओर से सर्व सम्भाव राष्ट्रीय एकता पर कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें एकता एंव सेवा की प्रतिज्ञा दिलवाई। इसके साथ रैली, सॉस्कृतिक कार्यक्रम व संगोष्ठी के माध्यम से आमजन को आह्वान किया गया। इसमें महाविद्यालय की 06 रैंजस उपस्थित हुई।



## राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम आयोजित

संदेश न्यूज। कोटा.

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड कोटा के तत्वावधान में डॉ. एसएन सुब्बाराव के 94 वें जन्म दिवस के अवसर पर स्काउट-गाइड रोवर रेंजर की ओर से सर्व सम्भाव राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप कुमार माथुर के मुख्य आतिथ्य एवं सर्किल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा के निर्देशन में रैली गीत व संगोष्ठी के माध्यम से आमजन को राष्ट्रीय एकता के सुर में बंधे रहने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक विनय राज सिंह ने बताया कि इस मौके पर एकजुटता के साथ राष्ट्रीय सेवा में अग्रसर होने का रोवर रेंजर ने संदेश दिया। संगोष्ठी में दिलीप माथुर ने सुब्बाराव की जीवनी पर चर्चा की। सर्किल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा ने रोवर रेंजर को एकता एवं सेवा की प्रतिज्ञा दिलवाई। सर्किल ऑर्गेनाइजर गाइड प्रीति कुमारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जेडीबी महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय कोटा, राजकीय कला महाविद्यालय, एलजेब्रा महाविद्यालय एवं रोवर क्रू के रोवर रेंजर उपस्थित रहे।



दैनिक भास्कर कोटा 26-02-2022

## स्काउट शिविर में रक्तदान

कोटा| स्काउट गाइड जिला मुख्यालय की ओर से राज्य पुरस्कार एवं निपुण ग्रोवर प्रशिक्षण शिविर जारी है। रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शुभारंभ सहायक राज्य संगठन आयुक्त दिलीप माथुर, स्थानीय संघ उप प्रधान वरुण रस्सेवट ने रक्तदान देकर किया। कनिष्ठ सहायक राकेश कसेरा के नेतृत्व में रोवर रैंजर ने रक्तदान किया। डॉ. प्रतिमा जायसवाल ने देहदान का महत्व बताया। सर्किल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ ने रक्तदान और देहदान के लिए आमजन को जागरूक करने को कहा।




12. दिनांक 15.02.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्काउट गाइड,राष्ट्रीय सेवा योजना व युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया । रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली के अन्तर्गत छात्राओं ने विभिन्न तरह के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों को हेलमेट पहनने के उपयोग के बारें में समझाया। इस कार्यक्रम में 38 छात्राएं सम्मिलित हुई।




13. दिनांक 15.02.2022 से 17.02.2022 तक तीन दिवसीय क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार कोटा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मल्टीमीडिया प्रतियोगिता,जनचेतना एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, उमरावमल पुरोहित सभागार कोटा में किया गया । इसमें स्वच्छ भारत अभियान 2.0– मेरा भारत साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो,जल शक्ति अभियान, जम्मू–कश्मीर एंव लद्दाख अब प्रगति की राह पर एंव वैकसीन अभियान –2022 आदि के बारे में विस्तार से बताया। जिसमें महाविद्यालय से स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना एंव एन.सी.सी. की 30 छात्राओं ने भाग लिया।




14. दिनांक 21.02.2022 से 25.02.2022 तक जिला स्तरी निपुण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मण्डल मुख्यालय किशोर सागर तालाब नयापुरा,कोटा

में किया गया। इस शिविर में नेशनल ग्रीन कौर योजनान्तर्गत स्वच्छत,प्लास्टिक उन्मूलन एंव चम्बल सफाई का कार्यक्रम भीतरिया कुण्ड पर किया गया। एक दिन मण्डल मुख्यालय पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया इसके साथ ही देहदान पार्क में अंगदान के महत्व को भी समझाया। इसके अलावा शिविर के अन्तिम पाक कला व लोक नृत्य प्रतियोगिताऐं भी हुई। इस शिविर में महाविद्यालय की 10 रैंजर्स सम्मिलित हुई।







शिविर का समापन

## पाक कला व लोक नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं

केबल नगर @ पत्रिका. राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वाधान में चल रहे पांच दिवसीय निपुण एवं राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रशिक्षण केंद्र आलनिया मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न प्रकार की साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ पाक कला की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें किसी टोली के सदस्यों ने दाल-बाटी, चूरमा तो किसी ने पंजाबी तो किसी ने दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाए। सर्किल आर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा एवं गाइड की सीओ प्रीति कुमारी ने बताया स्काउट गाइड की विभिन्न प्रकार की साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन पर लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सभी गतिविधियों में रोवर-रेंजर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। साहसिक गतिविधियों का संचालन प्रवीण शर्मा ने भोजन प्रतियोगिता का संचालन विनय राज सिंह ने एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का संचालन रूप चंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर साहिल चित्तौड़ा, अविनाश मालव एवं साजन सेन ने अपनी भूमिका निभाई।



दैनिक नवज्योति Kota City - 27 Feb 2

## साहसिक गतिविधियां एवं भोजन बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मंडाना।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में आयोजित निपुण एवं राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर के पंचम दिवस स्काउट गाइड ट्रेनिंग सेंटर आलनिया पर सर्किल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा एवं प्रीति कुमारी के नेतृत्व में साहसिक गतिविधियां एवं भोजन बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रातः कालीन सत्र में व्यायाम प्रदर्शन के साथ साहसिक गतिविधियों का आगाज किया। इसके उपरांत सभी रोवर्स द्वारा टोली आधार पर भोजन प्रतियोगिता में राजस्थानी पंजाबी साउथ इंडियन सभी तरह के भोजन बनाए गए। भोजन प्रतियोगिता के उपरांत लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी गतिविधियों में रोवर रेंजर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साहसिक गतिविधियों का संचालन प्रवीण शर्मा ने भोजन प्रतियोगिता का संचालन कार्यक्रम समन्वयक विनय राज सिंह ने एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का संचालन रूपचंद शर्मा ने किया।

इस अवसर पर साहिल चित्तौड़ा, अविनाश मालव एवं साजन सेन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

15. दिनांक 12.03.2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के अर्न्तगत जिला स्तरीय दांडी यात्रा का आयोजन किया गया । यह दांडी यात्रा शहीद स्मारक से शुरू होकर बारहदरी तक की गई। इसमें महाविद्यालय के स्काउट गाइड,एनएसएस व एन.सी.सी.छात्राओं ने भाग लिया। यात्रा में खादी वोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, सहायक निदेशक डॉ. रघुराज परिहार एंव जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। कलेक्टर ने बताया दांडी यात्रा आजादी के आन्दोलन और अपने अधिकारों के लिए अहिंसक तरीके से किये गये संघर्ष का प्रतीक है।



## आजादी के अमृत महोत्सव में दांडी यात्रा निकाली



16. दिनांक 16.03.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविधालय कोटा में स्काउट गाइड, युवा विकास केन्द्र एंव एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क

चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उॉ. रघुराज परिहार निदेशक कॉलेज शिक्षा परिक्षेत्र कोटा, मुख्य अतिथि डॉ. आर. पी. मीणा तथा डॉ. योगेन्द्र कहार शल्य चिकित्सक रहे। डॉ. आर. पी.मीणा ने हड्डियों से सम्बन्धित बीमारियों व उनके उपचार व्याख्यान दिया और डॉ.योगेन्द्र कहार ने छात्राओं का दन्त परीक्षण किया।




17. दिनांक 23.03.2022 को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय कोटा पर शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सैनानी श्री भगत सिंह जी, श्री राजगुरू जी एंव श्री सुखदेव जी की पुण्यतिथि पर सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार में महाविद्यालय की 06 रैंजर्स ने भाग लिया।




18. दिनांक 06.04.2022 को महाविद्यालय के स्काउट गाइड रेंजर्स,राष्ट्रीय सेवा योजना वॉलिन्टियर्स एंव एनसीसी कैडेट्स ने अहिंसा प्रकोष्ठ,जिला प्रशासन कोटा के संयुक्त ततवाधान में शहीद स्मारक कोटा से 12 मार्च 2022 को प्रारम्भ हुई दांडी यात्रा 06 अप्रैल 2022 को जिला प्रशासन के सानिध्य में रामपुरा स्थित गॉधी चौक से शुरू होकर बारादरी, किशोर सागर तालाब पर पहुॅच कर समापन हुआ।




**दैनिक भास्कर** कोटा 07-04-2022

रात को डामरीकरण कर दिया गया। ताकि कोई विरोध नहीं कर सके। यह डामरीकरण भी सही नहीं किया गया।

कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदाना, गोपाल कृष्ण सोनी, आईटी संभाग प्रभारी रजनीश सिंह राणा, महिला मोर्चा

# गांधीजी के विचारों को आत्मसात कर युवा देश के विकास में भागीदारी निभाएं: मेहता



**कोटा|** दांडी मार्च के समापन पर बुधवार को रामपुरा स्थित गांधी चौक से किशोरसागर की पाल बारादरी तक रैली निकालकर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। रैली में खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष व गांधी जयंती समारोह समिति के समन्वयक पंकज मेहता ने कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान की बदौलत आज देश विकास की ओर अग्रसर है। गांधीजी के विचारों एवं शिक्षा को आत्मसात कर युवा देश उन्नति में भागीदार बने तो सर्वधर्म समभाव के साथ भारत देश-दुनिया को राह दिखाता रहेगा। इससे पूर्व गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतन्त्रता आन्दोलन में गांधी जी एवं स्वतन्त्रता सेनानियों के योगदान को याद किया गया। रैली गांधी चौक से शुरू होकर रामपुरा बाजार, महारानी स्कूल, महात्मा गांधी स्कूल, आर्य समाज रोड, हिन्दू धर्मशाला, जयपुर गोल्डन, जैन दिवाकर अस्पताल, किशोर सागर पाल होते हुए बारादरी पहुंची। जहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर हरिमोहन मीना, अतिरिक्त कलेक्टर राजकुमार सिंह, आयुक्त नगर निगम वासुदेव मालावत, सीईओ जिला परिषद ममता तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।

प्राचार्य